भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं0 560
04 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

सरकारी आवासों की ऑनलाइन बुकिंग

560. **सुश्री सुनीता दुग्गलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकारी अधिकारियों या विभाग को सरकारी आवासों की ऑनलाइन बुकिंग का विकल्प प्राप्त है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विभिन्न एस्टेट सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कौन से कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार के पास सरकारी अधिकारियों और सरकारी विभागों के लिए विभिन्न एस्टेट सेवाओं की प्राप्ति के लिए कोई मोबाइल एप्लीकेशन सर्विस है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) : जी, हाँ। सरकारी कर्मचारियों/विभागों के पास ई-संपदा पोर्टल अर्थात् www.esampada.mohua.gov.in पर स्वचालित आबंटन प्रणाली के माध्यम से सरकारी आवास के लिए ऑन लाइन आवेदन करने का विकल्प मौजूद है।

(ख) : सरकारी आवास के आवंटन सहित सभी सेवाएं ऑन लाइन ई-संपदा वेब पोर्टल अर्थात् www.esampada.mohua.gov.in पर उपलब्ध हैं। सभी प्रयोगकर्त्ताओं द्‌वारा देश भर की सभी सेवाओं को अपनी संबंधित आईडी लॉग इन पर देखा जा सकता है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवास आवंटन सहित सभी सेवाएं स्वचालित हैं और उसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। संपदा कार्यालय के अधिकारियों को जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका के निर्वाह हेतु लॉग इन आई डी दिया गया है।

(ग) और (घ) : जी, हॉ । वर्तमान में संपदा कार्यालय के लिए दो मोबाइल एप्लीकेशन सेवाएं हैं। आवंटन की स्वचालित प्रणाली के लिए ''एम आवास'' और विवाह/सामाजिक समारोहों के लिए 5 अशोक रोड बंगले के आवंटन के लिए ''एम अशोक 5'' एप है।